तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	रामकिशोर सारण **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार भोपालगढ़)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353287592346689	
27/03/26	अपीलार्थी रामकिशोर सारण निवासी 1–बी–106, कुडी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जोधपुर ने द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार भोपालगढ़) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 15.01.2026 ग्राम पालड़ी• सिंद्धा के चार भाइयों भूराराम, मदनलाल, किशोर राम, उम्मेद राम पुत्र देराम की पैतृक जमीन खसरा नंबर 495 और खसरा नम्बर 509 पटवार हल्का पालड़ी सिद्धा का बंटवारा तहसील भोपालगढ़ में 03.06.1987 को रजिस्टर्ड किया था। इस वंटवारे की नकल की प्रमाणिक कॉपी व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार भोपालगढ) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार भोपालगढ) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 64 दिनांक 17.03.2026 अवगत करवाया है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार के तहत आवेदन करते समय वांछित सूचना के संबंध में पूर्ण स्पष्ट विवरण नहीं दिया गया, जिसके अभाव में सूचना दी जानी संभव नहीं है। जिसके संबंध में आवेदनकर्ता को कार्यालय के पत्रांक 48 दिनांक 13.02.2026 द्वारा सूचित किया जा चुकी है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

RajKaj Ref No.:
21282088

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.03.27 15:43:08 IST
Reason: Approved